# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025





ग्रामीण बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पुल पुलिया के लिए तरस रहे

# आजादी के 78 वर्ष बाद भी वनांचल के कई गांव विकास से वंचित







कुलदीप साहू ⏭नगरी

छत्तीसगढ़ राज्य अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। राज्य को संपन्न और बीजेपी का सरकार बिजली वाला प्रदेश कहा जाता है, लेकिन वास्तविकता इससे उलट है। जिले के आदिवासी विकासखंड नगरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सीतानदी अभ्यारण्य के जंगलों में बसे गांव फरसगांव, खलारी, करही, रिसगांव सहित आसपास के अनेक ग्राम आज भी बिजली, सड़क और पुल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी वे 1947 जैसी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सौर ऊर्जा के माध्यम से



रोशनी पहुंचाने की सरकारी योजना भी यहां अधूरी साबित हो रही है। सोलर लाइट रात करीब 10 बजे तक जलती है। उसके बाद पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। मौसम खराब होने के सूर्य नहीं निकलने के कारण व बैटरी मेंटेनेंस की कमी के कारण लाइट कभी कभी अक्सर रात्रि सौर ऊर्जा जल्दी बंद हो जाती है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब छग को बिजली सप्लाई वाला राज्य कहा जाता है, तो हमारे गांव अब तक अंधेरे में क्यों हैं।

करही सरपंच बीरबल पदमाकर, फरसगांव सरपंच शैलेंदी बाई, शत्रुधन मरकाम, खल्लारी के पूर्व सरपंच तुलाराम नेताम, लोकेश कुजाम, भोजराज कुजाम, सेवक राम मरकाम, सादूराम मरकाम, अनकुराम मणजवी, अगरचंद कुजाम, चिंतराम नेताम, गोविंद मडावी, राजेश कुजाम रेवा देवदास सहित अनेक ग्रामवासियों ने बताया कि गांवों में लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने समाधान के लिए शासन-प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### बरसात में कट जाता है संपर्क

कुछ जगहों पर लकड़ी का पुल बना है। इन गांवों में सड़क और पुल-पुलिया की स्थिति भी बेहद खराब है। बरसात के मौसम में कच्ची सड़कें कीचड़ में तब्दील हो जाती हैं। सोंदूर नदी पर मजबूत पुल न होने के कारण गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है।

### आपातकालीन सेवाएं भी नहीं पहुंच पाती

प्रसव पीड़ित महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कतें आती हैं। आपातकालीन सेवाएं 108 और 102 भी इन गांवों तक नहीं पहुंच पातीं, जिससे ग्रामीण मोटरसाइकिलों के सहारे मरीजों को अस्पताल ले जाने को मजबूर हैं। कई जगह ग्रामीणों ने लकड़ी के अस्थायी पुल बनाकर आवागमन की व्यवस्था की है।

### नदी-नाले पारकर स्कूल जाते हैं छात्र व शिक्षक

क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है। कई विद्यालयों तक पहुंचने के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को नदी-नालों को पारकर जोखिम उठाना पड़ता है। परिवहन सुविधा नहीं होने से बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित होती है। बिजली न होने से विद्यार्थी दीये या सौर लाइट की मंद रोशनी में पढ़ाई करते हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की भी स्थिति चिंताजनक है। कई बार ग्रामीणों को छोटे-मोटे उपचार के लिए भी नगरी या धमतरी जाना पड़ता है।

### ज्ञापन सौंपने के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार आंदोलन, ज्ञापन और धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर चुके हैं। परंतु अब तक किसी स्तर पर ठोस पहल नहीं हुई है। नेता चुनाव के वक्त बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही वापस गांव की तरफ मुड़कर भी नहीं देखते।

### सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित

प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, किसान सम्मान निधि,जैसी विभिन्न योजनाओं का लाभ परिवारों तक पहुंचा है, लेकिन मूलभूत आवश्यकताएं बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य आज भी अधूरी हैं। बरसात से पहले शासन की ओर से गांवों में चार माह का राशन अग्रिम वितरण कर दिया जाता है, जिससे कुछ राहत जरूर मिलती है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है।

## भाजपाइयों ने मनाया बिहार चुनाव जीतने का जश्न



■ एक दूसरे को मिठाई खिलाकर फोड़े पटाखे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम पर देशभर के भाजपाई जश्न मना रहे हैं, वहीं जीत की खुशी की गूंज छत्तीसगढ़ के कुरूद तक सुनाई दी। चुनाव के परिणाम आते ही कुरूद भाजपा कार्यालय में उत्साह का माहौल छा गया। भाजपाइयों ने पटाखे फोड़ व एक दूसरे को मिठाई खिला खुशियां मनाई। शुक्रवार को बिहार में हुई मतगणना में भाजपा-नीत गठबंधन की प्रभावी बढ़त और निर्णायक जीत के बाद कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए जमकर खुशी मनाई। कुरूद मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने मिठाई बांटी और पटाखे फोड़कर जश्न की शुरुआत की। बिहार में आए नतीजों को केंद्र की विकास नीति और संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बताते हुए कार्यकर्ताओं ने इसे भाजपा की बड़ी राष्ट्रीय उपलब्धि बताई।

इस मौके पर मालकराम साहू, टिकेश साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, थानेश्वर साहू, आदर्श चंद्राकर, तेज़न साहू, भोज साहू, थानू राम साहू, टिकेश साहू, खूबलाल साहू, योगेश साहू, जितेंद्र बांधेकर सहित कुरूद मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डमकाडीही क्षेत्र में प्लास्टिक कचरे का अंबार, शराब दुकान के आसपास 2 किमी तक फैली गंदगी

■ विभागीय उदासीनता से बढ़ रहा पर्यावरण संकट, नागरिकों ने जताई गहरी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





नगर के डमकाडीही वार्ड क्रमांक 1 में संचालित शराब दुकान के आसपास प्लास्टिक कचरे का अत्यधिक फैलाव गंभीर चिंता का विषय बन गया है। दुकान से करीब 2 किलोमीटर के दायरे में जंगल, खेत-खलिहान और रास्तों पर बड़ी मात्रा में पॉलीथिन, डिस्पोजेबल ग्लास, पानी की बोतलें तथा अन्य प्लास्टिक कचरा दिख रहा है, जिससे पर्यावरण और स्थानीय जैवविविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शासन-प्रशासन द्वारा प्लास्टिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद क्षेत्र में खुलेआम पॉलीथिन व डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग और बिक्री जारी है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। जंगलों में फैले प्लास्टिक कचरे से प्राकृतिक संसाधन भी प्रभावित हो रहे हैं। डमकाडीही के समीप सराई (साल) पेड़ों से गिरने वाले बोड़ा (बीज) प्लास्टिक कचरे की भरमार के कारण ढंक जाते हैं, जिससे प्राकृतिक पुनरुत्पादन पर असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने कहा कि नगर को पॉलीथिन मुक्त बनाने की आवश्यकता जरूरी हो गई है। कई बार लोगों ने स्वयं प्रयास भी किए, लेकिन बिना प्रशासनिक सहयोग या सख्त कार्रवाई के इन प्रयासों से अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाए। उनका कहना है कि केवल नगर पंचायत नगरी की सीमित कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। शासन और प्रशासन दोनों को मिलकर ठोस दिशा-निर्देश और सख्त अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। नगरवासियों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में नियमित निरीक्षण कर प्लास्टिक उपयोग और अवैध निपटान पर रोक लगाने ठोस कदम उठाए जाएं। उनका मानना है कि यदि सख्ती से नियम लागू किए जाएं, तो धीरे-धीरे लोग पॉलीथिन और डिस्पोजेबल वस्तुओं के उपयोग को कम करने लगेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार प्लास्टिक और डिस्पोजेबल वस्तुओं का अनियंत्रित उपयोग न केवल नगर की स्वच्छता को प्रभावित करता है, बल्कि मिट्टी, भूजल और वायु प्रदूषण के जरिए मानव स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। लंबे समय तक प्लास्टिक का संपर्क कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों के खतरे को बढ़ाता है।

## स्वयंसेवक नशामुक्ति व पर्यावरण संरक्षण का दे रहे संदेश

■ कुरुद कॉलेज का सात दिवसीय विशेष शिविर बकली में जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



संत गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरुद का सात दिवसीय विशेष ग्राम बकली में जारी है। द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों ने प्रातःकाल उठकर प्रभातफेरी निकाली तथा नारे लगाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। परियोजना कार्य अंतर्गत शिविर स्थल, शासकीय भवन एवं आसपास की गलियों की सफाई की गई।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बौद्धिक परिचर्चा हुई, जो कला एवं संगीत विषय पर केंद्रित रही। इस अवसर पर आमंत्रित वक्ता प्रसिद्ध चित्रकार बसंत साहू एवं संगीत शिक्षक चमन दास साहू थे। इस अवसर पर बसंत साहू ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ी तपस्या है। हमारे भीतर स्थित चेतना शाश्वत है, जो हमें सदैव सही मार्ग की ओर प्रेरित करती है। स्वामी विवेकानंद के उदाहरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमें स्वयं के मैं को जानने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि आत्मचेतना ही सच्ची शक्ति का स्रोत है। शक्ति कभी केवल शारीरिक सामर्थ्य से नहीं आती, वह आती है एक अटूट, अदम्य और पवित्र इच्छा-शक्ति से। आगे कहा कि पुरस्कार या सम्मान जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि नहीं होती बल्कि जब हम निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं और हमारी अंतरात्मा को सुकून मिलता है वही सबसे बड़ा पुरस्कार होता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने भीतर की चेतना को जाग्रत कर समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें।

इस अवसर पर रामेश्वर साहू शिक्षक, कला शिक्षक अवधराम कंवर समेत स्वयंसेवकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन रासेयो इकाई 01 के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार ने किया।

## कसही स्कूल में बाल दिवस मना





**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला भवन कसही में एफएलएम मेला करके देखबो, सीख के रहिबो उद्देश्य को लेकर विविध स्टाल लगाकर शिक्षण संबंधी मेला का आयोजन किया गया। मौके पर एसएमसी सदस्य बीएस कश्यप, अध्यक्ष नारद कश्यप, प्रधानपाठक नरेन्द्र चन्द्राकर, शिक्षक जोहरलाल मण्डावी, भुनेश्वर कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण एवं श्रीराम जन्मोत्सव की कथा सुनी

# भगवान कृष्ण एवं राम से संस्कारों की सीख लें : संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव





मलघाटी परिवार जीजामगांव द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन कथावाचक पं. संतोष मिश्रा महाराज तर्री नवापारा ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतान के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए।

कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। लोग झूमने-नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण के वेश में नन्हे बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। भगवान के जन्म की खुशी पर महिलाओं ने अपने घरों से लाए गुड़ के लड्डुओं से भगवान को भोग लगाया। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने आमोद प्रमोद के साथ कई राक्षसों का संहार किया और लोगों का कल्याण किया। उन्होंने भगवान कृष्ण की कई लीलाओं का वर्णन किया।

पं. संतोष मिश्रा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में लिखे मंत्र और श्लोक केवल भगवान की आराधना और उनके चरित्र का वर्णन ही नहीं है। श्रीमद्भागवत की कथा में वह सारे तत्व हैं जिनके माध्यम से जीव अपना तो कल्याण कर ही सकता है साथ में अपने से जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण करता है। जीवन में व्यक्ति को अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बिना आमंत्रण के भी अगर कहीं भागवत कथा हो रही है तो वहां अवश्य जाना चाहि। मिश्रा जी ने संतों के संबंध में कहा है कि संत का परिचय संत का भेष नहीं होता है। उनका तो मुख्य भेष उनका गुण होता है। उन्होंने श्रीकृष्ण एवं श्रीराम से संस्कार की सीख लेने की बात कही। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं । उसके बाद भी वह अपने माता पिता, गुरु के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। यह सीख भगवान श्रीकृष्ण से सभी को लेनी चाहिए। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## अंचल की खबरें

### रामपुर स्कूल में बाल दिवस मना



**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय माध्यमिक शाला रामपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच ऋषिकुमार साहू द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला रामपुर के बच्चों को न्योता भोज दिया गया। न्योता भोज में बच्चों को बूंदी एवं मिक्चर खिलाया गया। मौके पर स्कूल स्टाफ और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### पीएमश्री कठौली में लगा एफएलएन मेला




**सिर्री।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में 14 नवंबर को बाल दिवस के मौके पर करके देखबो सीख के रहिबो एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा गतिविधियों के माध्यम से सीखने सिखाने के लिये अनेक स्टाल लगाये गये। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिये जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू पहुंचे। उन्होंने खुद बच्चे बनकर स्टॉल में विषय संबंधित सवाल बच्चों से पूछा। बच्चों ने भी सवालों का संतोषप्रद जवाब दिया। कार्यक्रम को लेकर शिक्षकगण भी काफी उत्साहित रहे। मौके पर सरपंच डा. खेमराज साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गणेशराम साहू, शिक्षाविद रूपकला साहू ने भी बच्चों के साथ गतिविधियों में भाग लिया। मौके पर समिति के सदस्य देवनारायण सेन, धनेश्वरी साहू, यशोदा साहू, प्रपा ललित साहू, संकुल समन्वयक दिनेश साहू, शिक्षक यशवीर जांगड़े, ऋतुराज, बसंत, संगीता, गुलायची साहू, लोकेश साहू समेत स्कूली बच्चे, स्टाफ व अन्य लोग उपस्थित थे।

### छात्रों ने लगाए व्यंजनों के अनेक स्टाल



**कोर्रा(भखारा)।** माध्यमिक विद्यालय दरगहन में बाल दिवस पर बाल मेला आयोजित किया गया, जिसमें सभी कक्षा के बच्चों द्वारा स्कूल प्रांगण में अनेक प्रकार का व्यंजन बनाकर दुकान लगाई गई थी। मेला में ग्रामवासी शामिल हुए और बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को खरीदा। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक ओपी साहू, चंद्राकर मेडम, टीआर साहू, श्री बारले, शिव साहू, श्री नेताम, श्री धरम, प्रधानपाठिका मेडम समेत ग्रामीण गोपाल ध्रुव, लिखन ध्रुव, लोमेश, रोमनाथ ध्रुव, शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए जिनसे बच्चों का उत्साह बढ़ता है और मानसिक विकास होता है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी चुनेश्वर यादव ने दी।

■ दरगहन स्कूल में बाल दिवस पर हुआ आयोजन

### सेनचुवा स्कूल में बाल दिवस पर लगी टीएलएम प्रदर्शनी



■ उपसरपंच ने बच्चों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी परोसी

**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय प्राथमिक शाला सेनचुवा में एफएलएन बुनियादी शिक्षा एवं सीखने के कौशल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरपंच जितेन्द्र साहू एवं उपसरपंच प्रतिभा साहू ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ए फ ए ल ए न बुनियादी शिक्षा एवं सीखने के कौशल मेला के आयोजन में 48 स्टॉल में से 12 स्टाल लगाए गए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की टीएलएम शिक्षण सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रत्येक स्टॉल के लिए प्रभारी बनाए गए। पंजीयन फॉर्म प्रत्येक स्टॉल में उपलब्ध कराया गया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभा साहू उपसरपंच द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के बच्चों के लिए न्योता भोज में खीर, पूड़ी परोसी गई। प्रधानपाठक प्राथमिक शाला ने बच्चों को बिस्किट, चॉकलेट एवं पेन दिया। शिक्षिका प्रेमलता ठाकुर सहायक शिक्षक एलबी द्वारा पॉपकान एवं चाकलेट दी गई। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष टोकेश्वर नेताम, शिक्षाविद् कमलेश चन्द्राकर, पूर्व सरपंच गणेशियाबाई ध्रुव समेत माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक छाती लोमप्रकाश सोनवानी ने किया।

### अग्निवीर सैन्य भर्ती सेमिनार 17 को

धमतरी। आगामी जनवरी माह में प्रस्तावित सैन्य भर्ती को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन धमतरी द्वारा युवाओं के मार्गदर्शन एवं जागरूकता के उद्देश्य से अग्निवीर सैन्य भर्ती से संबंधित सेमिनार का आयोजन 17 नवम्बर को दो पालियों में होगा। प्रथम पाली का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा, जबकि द्वितीय पाली का आयोजन सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय नगरी में दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आगामी सैन्य भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु शारीरिक प्रशिक्षण, चिकित्सीय परीक्षण तथा अंकों के निर्धारण प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। जिला खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर पीयूष तिवारी ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की शंका या भ्रम का समाधान सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / अ-74 वर्ष 2025-26

ग्राम पुरैना तहसील भखारा

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पुरैना को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश पिता गुहाराम जाति सतनामी निवासी पुरैना तहसील भखारा जिला धमतरी के द्वारा अपने बुआ **कमारिन बाई** की **मृत्यु दिनांक 08/08/2008** को ग्राम पुरैना मे होने से आज दिनांक तक जन्म मृत्यु रजिस्टार मे पंजीयन नही कराने से मृत्यु की घटना के पंजीयन हेतु इस न्यायालय मे आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो **दिनांक 21/11/2025** तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12/11/2025 मेरे हस्ताक्षर से ईश्तहार जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार भखारा**

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 15 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री


2 आजादी के 78 वर्ष बाद भी वनांचल के कई गांव विकास से वंचित





4 खपरी चला परिवर्तन की राह पर






## खबर संक्षेप

### आज सामुदायिक भवन में जनजातीय गौरव दिवस मनेगा

**धमतरी।** जिला प्रशासन द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती पर इस वर्ष जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवम्बर को दोपहर 12 बजे सामुदायिक भवन विंध्यवासिनी माता मंदिर के पीछे धमतरी में किया जायेगा। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजातीय वर्ग के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक आज

**धमतरी।** जिला निषाद समाज द्वारा आगामी चुनावी कार्यक्रम को लेकर 15 नवंबर शनिवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक देवपुर में बैठक रखी गई है, जिसमें पाली परिक्षेत्र एवं ग्रामीण पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। यह जानकारी पाली अध्यक्ष फगनू राम निषाद, महासचिव नील निषाद ने दी है।

### सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक आज

**सिर्री।** देवांगन समाज सिर्री मंडल की कार्यकारिणी बैठक 15 नवंबर



शनिवार को सिर्री मंडल अंतर्गत ग्राम इकाई सिर्री के देवांगन समाज भवन में रखी गई है। बैठक का शुभारंभ 10: 30 बजे से माता परमेश्वरी की पूजा-अर्चना से होगा। बैठक में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी देवांगन समाज सिर्री मंडल सचिव विष्णुराम देवांगन ने दी।

### संस्था एवं कोर्स परिवर्तन 20 तक कर सकेंगे

**धमतरी।** शासकीय, अशासकीय आईटीआई, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन करना चाहते हैं, लेकिन ऑनलाइन पोर्टल में संस्था एवं कोर्स परिवर्तन करने की आवश्यकता हो, उनके लिए 20 नवम्बर तक तिथि निर्धारित की गई है।

### शुल्क जमा कर पंजीयन कराने के निर्देश

**धमतरी।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के अनुसार स्नातक स्तर के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राएं जो वार्षिक परीक्षा 2026 की प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे 15 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आवश्यक शुल्क जमा कर अनिवार्य रूप से पंजीयन करा लें।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन 30 तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई पोस्टमेट्रिक स्कालरशिप डाट सीजी डाट नीक डाट इन/वेबसाइट पर की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन, पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 30 नवंबर तय की गई है।

---

किसी किसान का रकबा ज्यादा तो किसी का कम

# तुंहर टोकन ऐप ने बढ़ाई किसानों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जिले के किसानों को इस बार खूब पापड़ बेलना पड़ रहा है। एग्रीस्टेक में अनेक किसानों के नाम और जमीन गायब होने की शिकायतों के बाद अब तुंहर टोकन ऐप किसानों के लिए मुसीबत बन गई है।

सोमवार को ग्राम पंचायत दोनर के आश्रित ग्राम झुरानवागांव के किसानों ने कलेक्टर के समक्ष शिकायत कर तुंहर टोकन ऐप में किसी किसान का जमीन कम तो किसी किसान का जमीन ज्यादा दिखाने की शिकायत की है। इस समस्या से झुरानवागांव के अधिकांश किसान परेशान हैं।



प्रदेश में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में किसानों को धान विक्रय के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने तुंहर टोकन मोबाइल ऐपलांच किया है। इस ऐप के माध्यम से किसान घर बैठे धान बेचने के लिए मोबाइल पर टोकन ले सकते हैं। इसमें किसान आधार आधारित ओटीपी से पंजीकरण और प्रतिदिन सुबह 8 बजे से टोकन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

शुक्रवार को तुंहर टोकन ऐप में समस्या की शिकायत करने पहुंचे किसान महेश राम साहू ने बताया कि उनके परिवार में 4 खाता में 12 एकड़ जमीन है जिसमें एक खाता का रकबा 5 एकड़ के बदले 2 एकड़, एक खाता में 4 एकड़ का 2 एकड़ तथा एक खाता में 3 एकड़ रकबा है। वह तुंहर टोकन ऐप में दिख नहीं रहा है। किसान जगेश्वर राम साहू ने बताया कि उसके नाम से 5 एकड़ खेत है। जब टोकन काटने के लिए मोबाइल पर ऐप को खोला तो उसके नाम से कोई जमीन ही नहीं दिख रही है। किसान दुलेश्वर राम का 5 एकड़ में 3 एकड़, भैयाराम के 5 एकड़ में 4.65 एकड़ जमीन दिखा रहा है।

झुरानवागांव के अधिकांश किसानों की जमीन में हेरफेर की शिकायत लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे किसानों ने कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन सौंपकर कहा है कि प्राथमिक कृषि साख समिति दोनर के आश्रित ग्राम झुरानवागांव के किसानों का रकबा खाद्य विभाग के पोर्टल तुंहर ऐप में गलत दिखा रहा है जिसके कारण गांव भर के किसान परेशान हैं। तुंहर टोकन ऐप में टोकन काटने का प्रयास करने पर किसानों का रकबा गलत दिख रहा है जबकि भुंईया पोर्टल और गिरदावरी रकबा सभी सही है। जांच कराने पर पता चल रहा है कि नवागांव कंडेल का रकबा पोर्टल में मैपिंग कर दिया गया है। रकबा गलत बताने की समस्या से पूरा गांव जूझ रहा है। धान खरीदी 17 नवम्बर से शुरू होने वाली है। ऐसी स्थिति में गांव भर के किसान परेशान हैं। झुरानवागांव के किसानों का रकबा खाद्य विभाग के पोर्टल तुंहर टोकन ऐप में सही मैपिंग कराने की मांग की है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के दौरान दर्जन भर किसान मौजूद थे।

---

# जिले में आज से होगी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी

- धान खरीदने 100 उपार्जन केंद्र बनाए गए, अवैध भण्डारण रोकने उड़नदस्ता दल गठित
- जिले के किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में 15 नवम्बर से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर सभी खरीदी केन्द्रों में आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि जिले के किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। उन्होंने उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।



फाइल फोटो

कलेक्टर के मार्गदर्शन में सहकारिता, मार्कफेड एवं खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए बारदानों की व्यवस्था, फड़, चबूतरा, पीने का पानी, किसानों के बैठने की छायादार व्यवस्था की गयी हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने 13 नवंबर को स्वयं धान खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था का मुआयना भी किया। जिले में इस बार भी पिछले साल की तरह किसानों से धान खरीदने के लिए 100 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। सभी केन्द्रों में धान खरीदी के साथ-साथ क्रय धान के उठाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गयी है, ताकि किसानों को असुविधा न हो। समितियों में कांटा-बांट आदि की पूजा-अर्चना कर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत की जाएगी। धान खरीदी के अवैध भण्डारण, परिवहन तथा पुर्नचक्रण रोकने के लिए तहसील स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है, जिसमें राजस्व, मंडी, खाद्य, सहकारिता, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनके द्वारा लगातार निगरानी की जायेगी। जिले में उड़ीसा सीमा क्षेत्र के बोराई (घुटकेल), बांसपानी, बनरौद एवं सांकरा चेक पोस्ट बनाया गया है, जिसमें नगर सैनिक, वन विभाग, मंडी, राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

---

# केंद्रीय कृषि मंत्री 19 को धमतरी आयेंगे





- तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक
- किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त का करेंगे वर्चुअल हस्तांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के 19 नवम्बर के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिलाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को कृषि मंत्री के कार्यक्रम की समय रहते पूरी तैयारी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के साथ कार्यक्रम स्थल स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन हायर सेकेण्डरी स्कूल पहुंचकर कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच, स्टॉल और पार्किंग स्थल आदि का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग एसके नेताम, एसडीएम पीयूष तिवारी सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। इसके बाद उन्होंने इंडोर स्टेडियम पहुंचकर हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यकम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोंदी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त का वर्चुअल हस्तांतरण करेंगे।

---

# एकल शिक्षक स्कूल से छात्रों का भविष्य अंधकार में

## डोड़कीवासियों ने अवैध शराब और अतिक्रमण के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम पंचायत डोड़की के ग्रामीणों ने एकल शिक्षक, अवैध शराब तथा अतिक्रमण के खिलाफ कलेक्टोरेट में आवाज बुलंद की है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

शुक्रवार को डोड़की सरपंच श्रीमती रामवती सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शासकीय प्राथमिक शाला में दो शिक्षक पदस्थ थे। 15 अक्टूबर को एक सहायक शिक्षक एलबी के निलंबित होने के कारण उक्त स्कूल एकल शिक्षक हो गया है। इससे स्कूली बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से पालकगणों में रोष व्याप्त है। छात्रों के भविष्य को देखते हुए शिक्षक की व्यवस्था शीघ्र करने की मांग की है। ज्ञापन में आगे कहा है कि शिक्षक नहीं मिलने पर ग्रामवासी, पालकगण तथा छात्र उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



### अवैध शराब : दो लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत

अर्जुनी थानांतर्गत ग्राम डोड़की में अवैध शराब बेचने के मामले में दो लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि खुलेआम शराब बिकने से गांव का माहौल खराब हो गया है। ग्रामीणों द्वारा उन व्यक्तियों को कई बार समझाइश देने के बाद भी अवैध शराब बिक्री का काम धड़ल्ले से कर रहे हैं। स्कूली बच्चे भी शराब की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। अवैध शराब बेचने वाले दोनों व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई कर अवैध शराब विक्रय बंद कराने की मांग की है।

### अतिक्रमण हटाने की मांग

ग्राम डोड़की निवासी एक व्यक्ति ने अतिक्रमण के विरूद्ध स्थगन आदेश की अवहेलना कर शासकीय जमीन पर अतिक्रमण जारी रखा है। वह ग्रामवासियों के खिलाफ बार-बार झूठी शिकायत कर ग्रामीणों को परेशान कर रहा है। इससे गांव में अशांति पनप रही है। अतिक्रमणकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर मामले के शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। एक अन्य आवेदन में शंकरदाह नहर पुल के नीचे ग्राम डोड़की पहुंच मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमणकारियों द्वारा पीडब्ल्यूडी की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया है। इस मार्ग में अव्यवस्थित एवं बेतरतीब वाहनों की पार्किंग की जाती है। रास्ता बाधित होने से आने-जाने वालों को काफी कठिनाइयां होती है। दुर्घटना का भय बना रहता है। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।







## खबर संक्षेप

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आनलाइन 30 तक

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याणसिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में सत्र 2025 -26 में अध्ययनरत छात्रवृत्ति के पात्र अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित है। छात्रवृत्ति के पात्र सभी छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी व सभी प्रमाण-पत्र के स्वप्रमाणित दस्तावेज 3-3 प्रति में जमा करना है। यह जानकारी प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु ने दी।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 17 को

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार लाइवलीहुड कॉलेज में 30-30 सीटों पर सुरक्षा गार्ड, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, जल वितरण संचालक, रिटेल सेल्स असिस्टेंट, सोलर पैनल इंस्टालेशन तकनीशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रारंभ किया जा रहा है। 17 नवम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर में प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है जो इस प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं। वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्रॉफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में कांउसलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### स्व मनोज मंडावी की जयंती पर भोजन व फल वितरण

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं भानुप्रतापपुर के लोकप्रिय विधायक स्व मनोज मंडावी की जयंती के पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों व बच्चों को भोजन, फल व बिस्किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबल पाढ़ी, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, अमृत संचेती, मोहन मांडवी, गोपाल राठी, कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष नमन जैन, विजय धामेचा, संजू नेताम, नरेंद्र कुलदीप, भगवान सिंह कुंजाम, निकेश ठाकुर, रवि दुग्गा सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. गोटा एवं चिकित्सकीय स्टाफ भी मौजूद रहे।

### भानुप्रतापपुर में दर्दनाक सड़क हादसा, राहगीर का पैर कटकर हुआ अलग

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर से दल्ली राजहरा रोड पर शुक्रवार 14 नवंबर की शाम हुए भयावह सड़क हादसे में एक राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए हायर सेंटर कांकेर में भर्ती कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भानुप्रतापपुर से दल्ली राजहरा रोड पर ट्रक चालक ड्राइवर धनेश कुमार उइके अपने ट्रक को तेज रफ्तार में चला रहा था और अचानक अनियंत्रित होकर राहगीर को कुचल दिया।

### पंचायत प्रस्ताव कर पूरी तरह से उन्हारी लगाने का सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

# ग्राम खपरी चला परिवर्तन की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत खपरी पूर्ण फसल चक्र परिवर्तन की राह पर चल पड़ी है। संभवतः यह जिले का पहला गांव है, जहां इस साल पंचायत प्रस्ताव कर उन्हारी फसल लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बैठक में उपस्थित सभी किसानों ने सर्वसम्मति से स्वीकृति दी है।

जिला प्रशासन की पहल पर पूरे जिले में फसल चक्र परिवर्तन की लहर चल रही है। इसके बाद भी कई किसान धान की खेती का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। ग्राम खपरी में भी यही स्थिति थी। यहां पर अधिकांश किसान चना, गेहूं, सूरजमुखी, सरसों सहित अन्य फसल लगाने के मूड में हैं, लेकिन कुछ किसान समय और खेतों की स्थिति को देखते हुए इस रबी में फिर से धान लगाने की तैयारी में थे।

सभी किसानों में सामंजस्य बनाने के लिए सरपंच रामरोशन ध्रुव की पहल पर शुक्रवार को ग्राम पंचायत में किसानों की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में सभी किसानों की बातों को गंभीरता से सुना गया। कई किसानों ने चने की खेती को लेकर समस्या बताई। उनकी समस्या का यथासंभव समाधान करने का आश्वासन दिया गया। सभी किसानों ने अततः फसल चक्र परिवर्तन करने पर हामी भरी। इस निर्णय का पंचायत प्रस्ताव भी किया गया।

इस निर्णय को लेकर बकायदा गांव में मुनादी भी कराई गई। किसी किसान को नुकसान न उठाना पड़े, इसके लिए ग्राम पंचायत और ग्रामीण समिति द्वारा उन्हारी फसल को लेकर गाइडलाइन भी तैयार की जा रही है।




#### बीज की होगी व्यवस्था

किसानों के लिए बीज की पर्याप्त व्यवस्था करने की तैयारी चल रही है। सहकारी समितियों में बीज महंगे दाम में उपलब्ध है। किसानों को सब्सिडी में बीज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं बाईपास से लगे खेतों में प्रदर्शन के लिए मुफ्त में बीज वितरण किया गया है। कई किसानों ने पर्याप्त मात्रा में बीज रखा हुआ है, इसे भी किसानों को उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है।

#### कृषि विभाग का रहा योगदान

इस गांव में फसल चक्र परिवर्तन को लेकर कृषि विभाग द्वारा पिछले दो तीन साल से प्रयास किया जा रहा है। इस रबी में विभाग ने ग्राम खपरी को पूर्ण फसल चक्र परिवर्तन करने वाला गांव बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। दो दिन पहले उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, एफएल पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने किसानों की बैठक लेकर समझाइश दी। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भाग्यश्री गुप्ता लगातार किसानों से संपर्क करती रही, जिसका सार्थक परिणाम सामने आया है। शुक्रवार की बैठक में भी श्रीमती गुप्ता ने किसानों से बीज की डिमांड भी ली। स्प्रिंकलर पाइप के लिए प्रकरण तैयार किया।

# बिरसा मुंडा जयंती पर आज जनजागरूकता अभियान



16 सूत्रीय मांगों को लेकर आदिवासी समाज सौंपेगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

आदिवासी अस्मिता, संवैधानिक अधिकार और पहचान बनाए रखने के लिए 15 नवंबर को सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ के बैनरतले प्रदेशस्तरीय जन जागरूकता अभियान और प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदेश भर में सभी तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा जाना है। पदाधिकारियों ने बताया कि 15 नवंबर को सर्व आदिवासी समाज अपनी 16 सूत्री मांगों को लेकर सभी तहसील मुख्यालयों में महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा जिसमें 32 प्रतिशत आरक्षण, बैकलॉग भर्ती, निर्दोष आदिवासियों की हत्या का उचित न्याय, जनजातीय आरक्षित विधानसभा एवं लोकसभा सीटों में वृद्धि, पांचवीं अनुसूची क्षेत्र की सभी सीट आरक्षित हो, ढाई लाख आय सीमा को समाप्त करें, प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती शीघ्र करें, पेसा के मूल नियम का पालन हो और ग्राम सभा को पूर्ण अधिकार दिया जाए सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई और कुरूद तहसील अध्यक्ष ललित ठाकुर ने सामाजिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।

# सिवनीकला में 19.30 लाख से बनेगा बाजार शेड

- जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम पंचायत सिवनीकला में बाजार शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कुरूद विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा से मंडी बोर्ड निधि अंतर्गत सिवनीकला के बांधापारा आजाद चौक में 19.30 लाख की लागत से बाजार शेड का निर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ने किया।

मौके पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन व कुरूद के विकास पुरुष अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हो रहा है। गांव, नगरमें रास्ता, शेड, भवन सहित शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर विकास किया जा रहा है। भानु चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि कुरूद विधायक के मार्गदर्शन में क्षेत्र का लगातार विकास किया जा रहा है।

कुरूद को नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिलना उनकी दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। सरपंच लता ध्रुव ने कहा कि गांव के बांधापारा आजाद चौक में प्रत्येक शनिवार को बाजार लगता है। यहां शेड का अभाव था। बारिश के दिनों में बाजार लगाने के लिए काफी तकलीफ होती थी। बाजार शेड निर्माण के बाद सभी प्रकार के मौसम में सुव्यवस्थित बाजार लगाया जा सकेगा। थानेश्वर तारक महामंत्री सिर्री मंडल ने शेड की स्वीकृति मिलने पर हर्ष जताया।

मौके पर दाऊ टकेश्वर चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, टेकराम साहू जनपद सदस्य, लता ध्रुव सरपंच, दीपदान साहू उपसरपंच, चंद्रप्रकाश साहू सहकारी समिति अध्यक्ष सिवनीकला, जीतेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, विक्रम साहू पूर्व सरपंच , डॉ कपिल देव पटेल बूथ अध्यक्ष, पंचगण सुषमा साहू, ममता सेन, चंद्रकिरण तारक, सुरेश साहू, धनराज निर्मलकर, पूर्वपंच सुरेश साहू, वरिष्ठगण दिलीप साहू, खिलावन चंद्राकर, चंद्रहास साहू, इंदु आडिल, बिरजू तारक, धनेश्वर सेन, योगेश तारक उपस्थित थे।

# भाजपा ने घड़ी चौक में मनाया बिहार की प्रचंड विजय का जश्न

- मोदी के विकास मॉडल पर जनता के विश्वास की मुहर : शशि
- अब तक की सबसे शानदार विजय : कविंद्र
- जातिवाद और तुष्टिकरण को जनता ने नकार दिया : चेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा को बिहार विधानसभा चुनावों में मिली शानदार विजय से देश भर में उत्साह का वातावरण है। नगर के घड़ी चौक में पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थकों ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटकर जीत की खुशियां मनाई। पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि बिहार की यह शानदार जीत नरेंद्र मोदी के विकास के मॉडल के प्रति जनता का विश्वास है। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के गठजोड़ से बिहार में व्याप्त सुशासन की जीत है।

पूर्व जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने कहा कि नरेंद्र मोदी, अमित शाह समेत पार्टी के प्रमुख रणनीतिकारों के दिशा निर्देशों पर कार्यकर्ताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा की और अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। जिला महामंत्री राकेश साहू ने कहा कि कांग्रेस और राजद ने बिहार की जनता को वोट चोरी और जातपात में उलझाने का भरपूर प्रयास किया जबकि भाजपा ने अपने कार्यकाल में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों के बलबूते जनता से आशीर्वाद मांगा। जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है तथा विकसित भारत का संकल्प लेकर प्रामाणिकता से साथ काम कर रही है।

मौके पर विजय साहू, डीपेंद्र साहू, उमेश साहू, पवन गजपाल, सरला जैन, बीथिका विश्वास, विनोद पांडे, रोहिताश मिश्रा, भरत सोनी, रत्नेश जैन, विनोदराव रणसिंह, अमित अग्रवाल, नम्रता पवार, सुशीला तिवारी, नीरज नाहर, दिलीप पटेल, मुकेश यादव, ललित मानेक, उमेश, विशाल रामरख्यानी, पवन मोटवानी, विजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल हुए।

### शिविर में रक्तचाप के 35, शुगर के 22 मरीज मिले

**मगरलोड।** खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड डॉ. शारदा ठाकुर के दिशा- निर्देश पर ग्राम पंचायत डूमरपाली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर धौराभाठा के स्वास्थ्य दल द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ जनपद सदस्य श्रीमती तिलोत्तमा साहू ने किया। इस शिविर में कुल 110 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। 2 वय वंदन कार्ड, 12 आयुष्मान कार्ड एवं 15 लोगों की आभा आईडी बनाई गई। जांच के दौरान रक्तचाप के 35, शुगर के 22 मरीज पाए गए जिनका समुचित इलाज किया गया। 55 लोगों का ब्लड टेस्ट किया गया, जिसमें 15 व्यक्ति रक्त अल्पता से ग्रसित पाए गए, जिनका इलाज किया गया। इस अवसर पर 42 लोगों की नेत्र जांच की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसदा के सेक्टर प्रभारी हुनेंद्र साहू ने मौसमी बीमारियों से बचाव, संतुलित पोषण आहार लेने की सलाह दी।

# अधिवक्ताओं की शक्ति ने रचा नया इतिहास

- शत्रुहन सिंह की राज्य विधिक परिषद सदस्य पद पर प्रचंड जीत के बाद निकली विजय रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद चुनाव में अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने शानदार विजय दर्ज करते हुए सदस्य पद पर कब्जा किया। इस उल्लेखनीय जीत के बाद 14 नवंबर को उन्होंने शहर में आभार रैली निकाली। अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों और अनेक समुदायों ने पूरे उत्साह से उनका स्वागत किया।

आभार यात्रा जैसे-जैसे शहर में आगे बढ़ी, विभिन्न स्थानों पर स्वागत का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा था। जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। मकई चौक में पूर्व विधायक लेखराम साहू के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। सिहावा चौक में महापौर की टीम ने सम्मान दिया। शिवाजी नगर के पास नागरिकों ने, कर्मा चौक में साहू समाज ने, बिलाई माता मंदिर परिसर में किसान संघ ने तथा घड़ी चौक में ओबीसी संयोजन संघ के सदस्यों ने स्वागत किया। गोल बाजार में मुस्लिम समाज ने पुष्पमालाओं के साथ अभिनंदन किया।

अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि यह जीत मेरे व्यक्तिगत प्रयास की नहीं, पूरे अधिवक्ता समाज की सामूहिक शक्ति की जीत है। उन्होंने कहा कि विधि व्यवसाय केवल पेशा नहीं, बल्कि समाज और न्याय के बीच की मजबूत कड़ी है। अधिवक्ता शब्दों से नहीं, बल्कि अपने आचरण व कर्तव्यनिष्ठा से पहचान बनाते हैं। इसी आत्मीयता ने उन्हें इस ऐतिहासिक जीत तक पहुंचाया।

श्री साहू ने कहा कि युवा अधिवक्ता विधि जगत का भविष्य है। इसलिए वे परिषद में युवा अधिवक्ता प्रोत्साहन मंच बनाने का प्रस्ताव लाएंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता युवा साथियों को मेंटॉर करेंगे। डिजिटल ट्रेनिंग व लॉ वर्कशॉप उपलब्ध कराई जाएगी। स्टार्टअप सहायता व प्रारंभिक वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। आगे कहा कि परिषद में उनकी प्रमुख प्राथमिकताएं होंगी। अधिवक्ता कल्याण कोष को समयबद्ध और पारदर्शी बनाना है। युवा अधिवक्ताओं के लिए स्टार्टअप सहायता योजना शुरू करना, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान एवं चिकित्सा सुविधा का विस्तार होगा। डिजिटल लॉ लाइब्रेरी और ई–फाइलिंग सपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ करना है। इस जीत के बाद धमतरी में नए उत्साह की लहर दिखाई दी। शत्रुहन सिंह साहू की जीत ने न केवल धमतरी बल्कि पूरे अधिवक्ता समुदाय में नई ऊर्जा भर दी है। उनके दूरदर्शी विजन से विधिज्ञ समाज में उत्साह और एकजुटता की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

इस अवसर पर यशवंत साहू, बीके सिन्हा, सौरभ मिश्रा, दिव्यांशु साहू, सचिन जाचक, कपिल चालकी, अनिल कुमार साहू, प्रेमराज देवांगन, टिकेश कुमार, अंतरा ठाकुर, मोनिका साहू, तनेश्वरी साहू, अविनाश चंद्राकर, विपिन पवार, प्रवीण साहू, जीके पटेल, बीएल रावत, सत्यम सोनी, सुंदरम सोनी, अमरचंद जैन, गजानंद मीनपाल, उत्तम साहू, सनी वाधवानी, दानीराम साहू, समलिया राम साहू, प्रफुलनाथ जोगी, हेमंत सेन, जयप्रकाश साहू, देवकुमार, जितेश सिन्हा, गोपाल चंद्राकर, पृथु गंगबेल, वैष्णवी साहू, कौशल्या साहू, दिव्या साहू, धनराज साहू, दुष्यंत साहू, गोपी कुर्रे, निमेश वाही, विकास लहरें, कुलदीप साहू, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# श्री गोपाला हॉस्पिटल में मनाया गया बाल दिवस

- बच्चों की मुस्कान ही सबसे बड़ा उपहार : डॉ. साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



श्री गोपाला हॉस्पिटल धमतरी में इस वर्ष बाल दिवस हर्षोल्लास और रंगारंग गतिविधियों के साथ मनाया गया। अस्पताल परिसर बच्चों की चहलपहल, हंसी और उत्साह से भरा रहा। कार्यक्रम में अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सीएल. साहू वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. भारती केशवानी, डॉ. रिया नैनानी, डॉ. भूमिष्का सहित नर्सिंग स्टाफ और प्रबंधन टीम उपस्थित थी। अस्पताल के एचआर मैनेजर गजेन्द्र जोशी, मैनेजर दिकेश कुमार देवांगन तथा उनकी टीम ने कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर डॉ. सीएल साहू ने कहा कि बच्चे सिर्फ परिवार की नहीं, समाज की धरोहर होते हैं। उनकी मुस्कान ही सबसे बड़ा उपहार है। श्री गोपाला हॉस्पिटल बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा के लिए हमेशा गुणवत्ता और संवेदनशीलता के साथ सेवाएं देता रहेगा। उन्होंने माता–पिता से कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और पोषण पर नियमित ध्यान देना आवश्यक है।

हर बच्चा एक नई आशा लेकर जन्म लेता है

अपने संबोधन में डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा किक प्रत्येक बच्चा अनगिनत संभावनाओं का भंडार है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण दें। श्री गोपाला हॉस्पिटल में बाल स्वास्थ्य जागरूकता, डिजिटल चेकअप सिस्टम और टीकाकरण सेवाओं को और सुदृढ़ किया जाएगा।

इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां, खेल और स्वास्थ्य जागरूकता सेशन का आयोजन किया गया । मनोरंजक खेल, रंगचित्र गतिविधियां गुड हैबिट्स एक्सरसाइज हेल्थ अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। डॉक्टरों ने बच्चों के साथ खेलकर उनका उत्साह बढ़ाया। बच्चों को उपहार और मिष्ठान भी वितरित किए गए। समापन पर डॉक्टरों और स्टाफ ने कहा कि कि स्वस्थ बचपन ही स्वस्थ कल की नींव है। श्री गोपाला हॉस्पिटल ने बाल दिवस को न सिर्फ उत्सव के रूप में मनाया, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य और खुशहाल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। मौके पर उन्नति यादव, डिम्पल मरकाम, नीलम साहू, प्रिय साहू, रचना, रूपा सिन्हा, अंकिता यादव, ज्योति साहू, ज्योति चौधरी, सरिता सिन्हा, ममता सोनकर, योगिता साहू, छबिता देवांगन, सीमा साहू, प्रियतमा साहू, श्रोती बघेल, ट्विंकल साहू, राखी साहू, काजल गेडाम, लक्ष्मी निषाद, रमेश साहू सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

# शिव महापुराण सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं : टीकम शरण



**धमतरी।** देवांगन परिवार द्वारा अन्नपूर्णा सदन देवांगन चौक हटकेशर में संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचनकर्ता आचार्य टीकम शरण महाराज ग्राम हरदी छुरा जिला गरियाबंद ने भगवान शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि शिव महापुराण कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। विवाह संस्कार को जीवन का पवित्र संस्कार बताते हुए कहा कि आज का मानव धीरे-धीरे संस्कारों से दूर होता जा रहा है। बिना संस्कारों के जीवन का कोई मूल्य नहीं रहता। माता-पिता की आज्ञा के बिना कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए और भक्ति में कभी दिखावा नहीं होना चाहिए। आचार्य ने मां भगवती के सती रूप, उनके अग्नि में लीन होने तथा हिमालय पर महाराज हिमालय और मैना देवी के यहां पार्वती के जन्म की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि मां पार्वती ने भगवान भोलेनाथ को पाने के लिए घोर तपस्या की थी।



गुरुवार को श्री कार्तिक जन्म, तारका वध, श्री गणेश जन्म और शिव पुत्रियों के जन्म की कथा सुनाई गई। शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे से त्रिपुट निर्माण, त्रिपुरासुर दमन, पूर्णाहूति, सतधरा स्नान और भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। परायणकर्ता पं. नूतन प्रसाद महाराज ग्राम हरदी छुरा जिला गरियाबंद हैं। कथा सुनने रमेश कुमार देवांगन, अन्नपूर्णा देवांगन, आशीष देवांगन, एकता देवांगन, कविता देवांगन, नारायण देवांगन, शशि देवांगन सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर आमदी में मना बाल दिवस



**आमदी।** सरस्वती शिशु मंदिर आमदी में बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में गीत, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न पकवानों का स्टाल लगाया गया। कार्यक्रम के अतिथि हेमंत माला रहे। मौके पर प्राचार्य जनकराम साहू, लिपिक लोमेश्वर साहू, शिक्षक प्यारेलाल साहू, नन्दुराम, चंद्रहास साहू, भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, केवलराम, शिक्षिका उर्मिला साहू, प्रेमा साहू, लक्ष्मी साहू, चमेली साहू, नर्मदा मटियारा, तारिणी साहू, तेश्वरी पटेल, लोमिका साहू, रेणुका साहू उपस्थित थे।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

